हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

04 जवाहर चौक पर श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा ...



07 ठंड से वायरल फीवर के मरीज बढ़े, सर्दी खांसी...





### सुबह ठंड के तेवर बढ़े, लोगों ने दिन में भी गर्म कपड़ों के साथ लिया अलाव का सहारा

# मौसम ने ली करवट, सुबह छाया घना कोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़


सोमवार को सुबह से कानड़ नगर सहित अंचल के गांव में मौसम में आए बदलाव के चलते तापमान में गिरावट के साथ दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। सुबह से ही आसमान में घना कोहरा छाया रहा, साथ ही ठंड का प्रकोप भी जोरों पर रहा। सुबह से कड़ाके की ठंड से राहत पाने के लिए लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लिया, तो वहीं दुकानदारों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। घने कोहरे के कारण सुबह 10 बजे तक आलम यह था की पांच मीटर दूर भी देखना मुश्किल हो रहा था। सुबह 10 बजे बाद कोहरा छटने लगा और 11 बजे बादलों की ओट से सूर्यदेव बाहर निकले तो लोग सुहानी धूप का आनंद लेते नजर आए।



## घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को हुई परेशानी



**नलखेड़ा**। सोमवार की सुबह घने कोहरे के साथ हुई। कोहरा इतना अधिक था की कुछ मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। इस वर्ष लगभग एक माह बाद इतना अधिक घना कोहरा छाया। कोहरे के कारण दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी। वाहनों की हेडलाइट चालू कर वाहन चलाना पड़ रहे थे। कोहरा सुबह 10.30 बजे तक छाया रहा। इस दौरान मौसम भी बेहद सर्द रहा। कोहरा छटने के बाद धूप खिली तब जाकर मौसम में कुछ गर्माहट आई।



# गोवंश के साथ क्रूरता करने पर हिन्दू संगठनों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

बड़ौद के ग्राम सांगाखेड़ी मार्ग पर गोवंश के साथ अमानवीय क्रूरता करने से हुई गोवंश की मौत की घटना पर आक्रोश के चलते एवं आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर नगर के पिलवास चौराहे पर हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने एक घंटे से अधिक समय तक चक्का जाम किया। सोमवार को आमला-नलखेड़ा मार्ग पर पिलवास चौराहे पर हिन्दू संगठनों द्वारा किए गए चक्का जाम के कारण चौराहे के आसपास मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। मौके पर थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सदल बल पहुंचीं, जहां उन्होंने आंदोलनकारियों से चर्चा कर जाम खुलवाया।

## हिंदू जागरण मंच का मालवा प्रांत अभ्यास वर्ग संपन्न

**नलखेड़ा**। हिंदू जागरण मंच का मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग नगर के सरस्वती शिशु मंदिर केशव कुंज गुदरावन पर संपन्न हुआ। नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पर हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत की जिला कार्यकारिणी, आयाम टोली, तथा खंड टोली के लिए नवीन कार्यकर्ताओं को लेकर दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का कार्यक्रम 24 एवं 25 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी ने संबोधित कर मंच की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।



# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महामना जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में श्रीश्री गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती रैन बसेरा परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीश्री गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरीश चौबे, समाज के वरिष्ठजन किशनलाल पाठक,रमेशचंद्र दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, कैलाश पाठक, रमेश शर्मा द्वारा मां गायत्री देवी का पूजा-अर्चना मंत्रोच्चार के साथ की गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंखुड़ी जोशी रुद्राक्ष शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना की गई तथा उसके पश्चात कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप में तब्दील हुआ। जहां समाज के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गई, जिसका समाज जनों ने उत्साह वर्धन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाली प्रतिभाओं का महिला मंडल ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 10 वीं तथा 12 वीं कक्षा में प्रावीण्य सूची में नाम अंकित करने वाली प्रतिभाओं का भी समाजजनों के द्वारा प्रमाण पत्र व श्रीश्री गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष हरीश चौबे के द्वारा मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज का वृतांत ललित पाठक के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त लक्ष्मीनारायण शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन एवं महिलाएं उपस्थित थीं।



# महिलाओं ने घर में तुलसी पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सोमवार को तुलसी पूजन दिवस के अवसर पर घर-घर तुलसी पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर नगर में लगभग प्रत्येक घर में महिलाओं व पुरुषों ने माता तुलसी की पूजा की। तुलसी माता को चुनर ओढ़ाकर विधि-विधान से पूजा कर आरती की गई। माना जाता है कि तुलसी माता होती हैं और मां लक्ष्मी का रूप भी कही गई हैं। इसके साथ ही भगवान विष्णु की भक्त होने के चलते तुलसी को श्रीहरि की प्रिय भी माना जाता है। इसीलिए तुलसी को हरिप्रिया भी कहते हैं। ऐसे में तुलसी पूजा करने से घर मे सुख - समृद्धि और शांति का वास होता है। ग्रामीण क्षेत्र में भी विभिन्न ग्रामों में ग्रामीणों द्वारा श्रद्धा के साथ माता तुलसी की पूजा की गई।



# महिला मंडल ने किया माता तुलसी पूजन

**नलखेड़ा**। तुलसी पूजन दिवस पर श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला मंडल नलखेड़ा द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर चौक बाजार मां तुलसी माता को चुनरी पहना कर महिलाओं ने सामूहिक पूजन कर आरती की। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं।



# बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड प्रतियोगिता के साथ होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

हनुमान अष्टमी पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। नगर में स्थित पांडव कालीन चमत्कारी बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी के अवसर पर 4 जनवरी को सुंदरकांड प्रतियोगिता के साथ भंडारे का आयोजन होगा। हनुमान मंदिर भक्त मंडल द्वारा आयोजित उक्त आयोजन सायं 4 बजे प्रारंभ होगा। सुंदरकांड प्रतियोगिता में विभिन्न स्थानों की सुंदरकांड मंडलीभाग लेकर प्रस्तुति देगी। मां बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री सूर्यमुखी बालवीर हनुमान मंदिर पर दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा जिसके पाश्च्यात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

इसके साथ ही श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री पायगा वाला हनुमान मंदिर, श्री संकट मोचक हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती आदि धार्मिक आयोजन होंगे। हनुमान अष्टमी पर नगर के सभी हनुमान मंदिरों में हनुमान जी का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। इसी के साथ मंदिरों पर आकर्षक विद्युत सज्ज़ा भी की जाएगी।



# भैरव पूर्णिमा पर सामूहिक रूप से सकलेचा गोत्रीय कुल भैरव का पूजन आज होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भैरव पूर्णिमा पर नगर के सकलेचा गोत्रीय बंधुओं द्वारा अपने कुल भैरव का पूजन सामूहिक रूप से किया जाएगा। जिसमें नगर सहित अन्य स्थानों के सकलेचा बंधुओं बड़ी संख्या में भाग लेंगे। नगर में सकलेचा बंधुओं के हाजरा हुजूर कुल भैरवजी का देव स्थान पांड्या कॉलोनी में स्थित है, जहां पर प्रतिवर्ष दो बार सकलेचा बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से कुल भैरव देव की पूजा अर्चना की जाती है।

इस वर्ष 26 दिसंबर पूर्णिमा के अवसर पर नलखेड़ा में सकलेचा बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामूहिक पूजन का आयोजन रखा गया है। कुल भैरवजी के पूजन के लिए सभी सकलेचा बंधु एवं महिलाएं सामूहिक रूप से ढोल ढमाको के साथ पूजन के लिए पांड्या कॉलोनी पहुंचेंगे। इसके पूर्व बड़ा गणपति एवं वीर हनुमान के मंदिर पर पूजा अर्चना की जाएगी, तत्पश्चात कुल भैरव देव की पूजन तथा कालाजी महाराज की पूजन का कार्यक्रम होगा। सकलेचा परिवार द्वारा अपने कुल भैरव के देवस्थान के साथ नगर से 1 किलोमीटर दूर स्थित कालाजी महाराज के देवस्थान पर पर बनाए गए सुंदर नए कैम्पस में इस बार पूर्णिमा की पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजन उपरांत प्रसादी एवं भोजन का कार्यक्रम प्रकाशचंद प्रशांत कुमार, अनयकुमार सकलेचा परिवार नलखेड़ा की ओर से रखा गया है।



### भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक आयोजित

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी को दी श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय जनता पार्टी मंडल नलखेड़ा की बैठक स्थानीय नर्सरी पर जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सोमवार को सम्पन्न बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा, वीर बाल दिवस, मन की बात कार्यक्रम के बारे में कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर,जिला उपाध्यक्ष चेनसिंह सिसोदिया,मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला गया। पार्टी पदाधिकारियों द्वारा अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन मंडल उपाध्यक्ष प्रेम बैरागी एवं आभार मंडल कार्यालय मंत्री गोपाल पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया।

## अटलजी के जन्मदिवस को भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया



**कानड़**। भाजपा कानड़ मंडल ने नगर के आर्य कॉम्प्लेक्स में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपई का जन्मदिवस 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया। कार्यकर्ताओं ने अटलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह दरबार, योगेश शर्मा, राजेश आर्य, श्याम गुर्जर, दयाराम खजुरिया, मोडसिंह, जीवन बीजापारी, दिनेश बरैठा भंवरलाल मलडावदिया, पंकज आर्य, रामेश्वर परिहार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मातृशक्ति महिला स्वयं सहायता समूह का स्नेह सम्मेलन हुआ आयोजित



**बागली।** मातृशक्ति महिला स्वयं सहायता समूह स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान बागली के सिसोदिया मांगलिक भवन में रविवार को आयोजित हुआ । कार्यक्रम में विधायक मुरली भंवरा,नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, पुलिस एसडीओपी सृष्टि भार्गव अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई।इस दौरान अपनी प्रतिभा के बल पर नगर के गौरव को बढ़ाने वाली प्रतिभाशाली बालिका डा. तूलिका धरवा, डा शिखा शर्मा , स्नेहा बम ,अश्विका पाटीदार एवं प्रीति भाटिया को सम्मानित किया गया। मातृ शक्ति स्वयं सहायता समूह प्रति माह सभी सदस्यों से 100 रु अंशदान लेकर समाज सेवा का कार्य करता है। अब तक समूह ने विभिन्न सामाजिक कार्यों एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सहायता हेतु लगभग दो लाख का अंश दान दिया है। दाखा कारपेंटर एवं शीला चावड़ा की माँ सरस्वती की आराधना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम मे सभी अतिथियों का स्वागत समूह की अध्यक्ष संध्या शिवहरे एवं राजकुमारी ईरानी ने किया। संस्था के कार्यों का लेखा-जोखा लेखराज शिवहरे एवं कीर्ति पंचोली द्वारा प्रस्तुत किया गया। संचालन शोभा सिसोदिया एवं सीमा गुप्ता ने किया ।आभार रचना नागौरी ने व्यक्त किया।

### भागवत कथा में शिव पार्वती का हुआ विवाह

**देवास।** श्री सूर्य विजय हनुमान मंदिर प्रांगण में 23 से 29 दिसंबर तक आयोजित की गई श्रीमद् भागवत कथा मैं कथावाचक भगवताचार्य पंडित सुभाष शर्मा ने सोमवार को कथा के दूसरे दिन कथा में शिव पार्वती विवाह का जीवंत चरित्र चित्रण कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। ढोल ढमाके के साथ जैसे ही शिव पार्वती कथा पंडाल में आए धर्म प्रेमियों, माता बहनों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

### श्रीराम की नगरी अयोध्या से आए अक्षत कलश देवास पहुंचे, विहिप की अगुवाई में सपंन्न हुआ कलश पूजन

# जवाहर चौक पर श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त पुनीत अक्षत कलश का हुआ पूजन और वितरण





### राम भक्तों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को वे पूर्ण भक्ति भाव से अपने पास के मंदिरों में होने वाले आयोजन में शामिल हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या से रविवार को देवास पहुंचे अक्षत कलश की विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में पूजा सम्पन्न हुआ। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित पुनीत अक्षत कलश का पूजन एवं वितरण का कार्यक्रम स्थानीय जवाहर चौक में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा प्रभु श्री राम जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ववलन कर हुआ इस अवसर पर बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि के रूप में नारायण कुटी आश्रम के स्वामी सुरेशानंद तीर्थ महाराज एवं मुख्यवक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष हुकुमचंद सावला रहे। स्वामी सुरेशानंद तीर्थ जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री राम के जीवन चरित्र को अपने जीवन में उतारना,श्री राम के आदर्श को पालन करते हुए समाज एवं देश को दिशा देनी है।

मुख्तावक्ता के रूप मे सांवला ने सभा को सम्बोधित करते हुए श्री रामजन्मभूमि के इतिहास का वर्णन बताया कि किस प्रकार से विक्रमादित्य महाराज ने अयोध्या में सरयू तट पर श्री रामजन्मभूमि की खोज करके वहां पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया था। एवं किस प्रकार से 1528 में विदेशी आक्रांता बाबर ने 70 दिन लंबे चले युद्ध के बाद उसे मंदिर को तोप के गोले से विध्वंस कर एक अवैध ढांचे का निर्माण किया था।उसके बाद से वर्तमान काल तक कुल 76 युद्ध राम भक्तों ने श्री राम जन्मभूमि के लिए लड़े जिसमें हजारों राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इतने विकट संघर्षों के बाद भी राम भक्तों ने श्री राम लाल के जन्म भूमि को वापस पाने के लिए संघर्षरत रहे। आपने 22 दिसंबर 1949 को जन्मभूमि पर श्री राम लला के प्रकट होने का व्रतांत भी बताया।




सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि जिस प्रकार श्री राम जी अधर्म का नाश करके अयोध्या पधारे थे,उसी प्रकार आप भी अयोध्या पधारे तो अधर्म का नाश करके ही पधारे। सांवला ने श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में बताया की श्री राम लला की 51 इंच ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी,इस अनुष्ठान में 17 जनवरी को श्री रामलला सरयू स्नान करेंगे,प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 160 देश से लाये गए जल एवं मिट्टी से श्री रामलला का अभिषेक होगा।इस अवसर पर अनेक देश के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे साथ ही इस भव्य आयोजन को 60 से अधिक देशों में सीधे प्रसारण के रूप में दिखाया जाएगा। सावला ने सभी राम भक्तों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को वे पूर्ण भक्ति भाव से अपने-अपने मोहल्ले, गांव,बस्ती के मंदिरों में उत्सव के रूप इस भव्य आयोजन को रामलला के भजन गाते हुए देखे। आगे कहा कि किस प्रकार से भारत में मंदिर अर्थव्यवस्था एवं रोजगार के केंद्र बिंदु हैं। भारत की जीडीपी में ढाई परसेंट से अधिक योगदान मंदिरों का है, देश में समरसता का प्रमुख केंद्र बिंदु भी मंदिर ही होते हैं इस अवसर पर अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का पूजन किया गया एवं इन अक्षत कलश को देवास नगर की 32 बस्तियां एवं देवास जिले के खंडों के प्रतिनिधियों को हस्तांतरित किया। सभी राम भक्त पूजित अक्षत कलशो को अपने सर पर रखते हुए शोभायात्रा के रूप में देवास के प्रमुख मार्गो से निकले। शोभा यात्रा में अखाड़ों का प्रदर्शन, मातृशक्तियों द्वारा मंगल गीत,राम भक्तों द्वारा भजन एवं छोटे-छोटे बच्चे राम दरबार की वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहे।यह अक्षत कलश सभी बस्तियों में एवं खंडों में शोभायात्रा के रूप में पहुंचे जहां पर 31 दिसंबर तक प्रमुख मंदिरों पर रखा जाएगा। आगामी 01जनवरी से राम भक्त इन पूजित अक्षतो को घर-घर ले जाकर श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देंगे।

### भक्तों ने अक्षत कलश के किए दर्शन



सार्वजनिक महिला मण्डल, बड़ी दुर्गा माता मंदिर समिति एवं संस्था श्री विनायक युवा मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार से श्रीमद् भागवत कथा आवास नगर स्थित बड़ी दुर्गा माता मंदिर में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। पं. मयंक द्विवेदी एवं मोंटी जाधव ने बताया कि कथा स्थल से प्रातः 11 बजे ढोल-ढमाके के साथ कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जिसमें महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण कर नगर के प्रमुख मार्गों पर होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में पहुंची। यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र अयोध्या में निर्मित होने वाला अक्षत कलश था। भक्तों ने अक्षत कलश की पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ लिया। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन सम्मिलित हुए। महाराज श्री ने विधि विधान पूर्वक भागवत पुराण की पूजा अर्चना संपन्न कर कथा प्रारंभ कराई। कथा के प्रथम दिवस पं. सूरज द्विवेदी (शास्त्री) ने कहा कि एक पल का सत्संग भी मनुष्य के जीवन में बहुत परिवर्तन ला सकता है। यदि मनुष्य कुछ समय भगवान के नाम कर दे तो उसका जीवन सुखमय और आनंदित हो जाएगा। हम संकट के समय ही भगवान को याद करते है, बाकी जब हमें किसी प्रकार का संकट नहीं रहता तो हम भगवान को भूल जाते है।कथा की पूर्णाहुति 31, दिसम्बर को होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 1.30 से शाम 5.30 बजे तक चलेगी।

### पं. मदनमोहन मालवीय व अटल जी की जयंती पर उनके पद्‌चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प




**देवास।** महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ट्रस्ट श्री श्री गौड़ ब्राह्मण समाज देवास द्वारा महामना एवं अटल जी की जयंती मनाई गई। उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जोशी एवं महामंत्री ओ.पी. दुबे ने बताया कि सर्वप्रथम समाजजनों ने सिविल लाईन रोड स्थित महामना पं. मदन मोहन मालवीय एवं बालगढ़ चौराहा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारी व समाजजन गायत्री शक्तिपीठ के पास बने ट्रस्ट के महामना मैरिज हॉल पहुंचे, जहां सभी ने महामना के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. के.के. नाइक थे। अध्यक्षता शिवनारायण पाठक ने की। अतिथियों ने महामना की जीवन चरित्र पर विचार व्यक्त करते हुए उनके आदर्शो एवं बताए गए कार्यो का अनुसरण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अशोक शर्मा, वासुदेव शर्मा, दीपक जोशी, घनश्याम जोशी, त्रिभुवन शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, अरविंद जोशी, राजेन्द्र पंड्या, ब्रजेश जोशी, सुभाष शर्मा, आशुतोश दुबे, विष्णु तिवारी, हेमंत शर्मा, किशोर पाठक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सूरजमल दुबे ने किया एवं आभार राजेन्द्र पंड्या ने माना।

## श्री दत्त जयंती पर सुबह 4.30 बजे कांकड़ और 6 बजे से श्रीगुरुचरित्र पाठ होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री दत्त पादुका मंदिर श्री क्षेत्र बांगर में श्री दत्त जन्मोत्सव आज मंगलवार दिनांक 26 दिसंबर 2023 को मनाया जावेगा। प्रातः 4.30 पर कांकड़ आरती होगी। सुबह 6 बजे से श्री गुरुचरित्र का पाठ होगा। तत्पश्चात नियमित पूजा आरती होगी।इसी के साथ दिनभर दर्शन एवं भजन कीर्तन के कार्यक्रम होंगे।मंदिर परिसर को इस अवसर पर सुसज्जित भव्य रूप से सजाया गया है। अनेक सुगंधित पुष्पों के साथ की आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। मंदिर व्यवस्थापक एवं पुजारी ने बताया श्री दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि प्रमुख आयोजन श्री दत्त जन्मोत्सव शाम को 5.39 को मंदिर परिसर में मनाया जावेगा। जन्म के बाद पालना गीत एवं आरती होगी। शाम को 6.30 पर धूप आरती होगी,और उसके बाद शाम 7 बजे महाआरती होगी। मंदिर के पीठाधीश्वर श्री अवधूत स्वामी जी ने आगे बताया कि इस साल भव्य रूप से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।



**देवास।** फूलों से सजाया श्री दत्त पादुका मंदिर।

जिसको देखते हुए सभी कार्य पूर्ण रूप से हर वर्ष की तरह इस वर्ष सभी व्यवस्थित तरीके से किए गए हैं। एवं मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया गया है। अमित राव पवार ने कहा कि सप्ताहभर से अनेक भजन मंडली द्वारा मंदिर प्रांगण मेंअपनी प्रस्तुति दी गई है।जिसके चलते कल इंदौर के भजन मंडली अभय मनके एवं साथियों ने प्रस्तुति दी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री दत्त जन्मोत्सव के निमित्त महाप्रसाद भंडारा 31 दिसम्बर रविवार 2023 को मंदिर परिसर में ररखा गया है।

## अटल जी सुशासन के प्रतीक थेः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सोमवार को 99वीं जयंती है। उनकी जयंती को देश सुशासन दिवस के तौर पर मनाता है। सोमवार को भाजपा कार्यालय स्थित अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि नगर सहित जिले के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर अटलजी को श्रद्धांजलि दी गई।देवास विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर उनका स्मरण कर उन्हें नमन करता हूं।

अटल जी ने निःस्वार्थ भाव से देश व समाज की सेवा की और भाजपा की स्थापना के माध्यम से देश में राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी। यादव ने कहा जहां एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण और कारगिल युद्ध में विश्व को उभरते भारत की शक्ति का एहसास करवाया, तो वहीं दूसरी ओर देश में सुशासन की परिकल्पना को चरितार्थ किया। उनके विराट योगदान को देश हमेशा याद रखेगा।




भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी ने कहा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी कुशल प्रशासक, राजनीतिज्ञ एवं लोकप्रिय जन नेता के साथ महान वक्ता थे, जिन्हें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मान देते थे। स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। चौधरी ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हमारे पथ प्रदर्शक हैं, उनकों कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रोत्थान व जनसेवा को समर्पित उनका संपूर्ण जीवन सदैव हमारी प्रेरणा बना रहेगा। कार्यक्रम में देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव जिला महामंत्री पंकज वर्मा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर राठौड़ वरिष्ठ पार्षद संजय दायमा दिनेश शर्मा वरिष्ठ नेता ईश्वर परासिया राजू पहाड़यि नितिन सेलके सुरेंद्र गायकवाड नरेंद्र पाटीदार सुरेंद्र परिहार रोहित शर्मा अभिराज सिंह चौहान सत्यम चौहान राहुल एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

### महाआरती से श्रद्धालुओं में जागृत हो रहा सनातन का भक्ति-भाव

# टेकरी पर सफाई करने वाली सेविकाओं के हाथों हुई महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था देववासिनी द्वारा माता टेकरी पर 6 दिसम्बर से प्रारंभ की गई महाआरती में प्रत्येक शनिवार, रविवार को हजारों की संख्या में भक्तजन हिस्सा ले रहे हैं। संस्था द्वारा देवास नगर के प्रत्येक वार्डो से श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर महाआरतियां संपन्न कराई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को वार्ड क्रमांक 41 मालीपुरा क्षेत्र तथा रविवार को वार्ड क्रमांक 37 भेरूगढ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओ ने अपने हाथों से माता रानी की आरती की।साथ ही माता टेकरी पर प्रतिदिन सफाई की व्यवस्था बनाएं रखने वाली सफाई सेविकाओं के हाथों से संस्था ने भगवती की आरती संपन्न कराई एवं संरक्षक सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने उपस्थित सभी सफाई सेविकाओं को चुनरी ओढाकर सम्मानित किया।






संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया कि प्रति सप्ताह दर्शनार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही हैं। महाआरती के दौरान हिंदू समाज में सनातन धर्म के प्रति जागृति का भाव भी पैदा हो रहा हैं जो श्रद्धालुओं के मध्य होने वाली सामान्य बातचीत में साफ तौर पर सुना जा रहा हैं। साथ ही टेकरी जय माता के साथ जय जय श्री राम के जयकारों से भी गुंजायमान हो रही है जो आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों से होने वाले भगवान श्री रामजी के भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जबरदस्त उत्साह परिलक्षित कर रहा हैं। चौहान ने आगे बताया कि रविवार को वार्ड क्र 37 भेरूगढ क्षेत्र के श्रद्धालु स्थानीय माताजी मंदिर पर एकत्रित होकर बैंडबाजे के साथ माता जी की चुनरी लेकर शोभा यात्रा के रूप में भजन कीर्तन गरबा करते हुए हाथों में पुजा के थाल सजाकर माता जी के द्वार टेकरी पर पहुंचे थे। इन भक्तों के बीच कई बुजुर्ग माताएं ऐसी भी थी जिन्होंने पिछले एक-डेढ़ दशक से टेकरी पर आकर माताजी के दर्शन नहीं किए थे। संस्था देववासिनी के इस आयोजन में शामिल होकर ये सभी भगवती तुलजा भवानी और चामुण्डा देवी के दर्शन उपरांत आरती अपने हाथों से कर अभिभुत हो गये।

### ग्राम नयाखेड़ा में हुआ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायत धींगरखेडा के ग्राम नयाखेड़ा में पंचायत भवन परिसर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मनोज परमार राष्ट्रीय अध्यक्षा अखिल भारतीय बलाई समाज व कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच भागीरथ बाबूलाल राठौर, सरपंच हिरा जाट एवं विशेष अतिथि राका प्रदेश सचिव भीम आर्मी द्वारा किया गया। जिसमें विधायक मनोज चौधरी द्वारा प्रतिमा में सहयोग राशि दी गई थी। वह प्रतिमा के चबूतरा निर्माण में सभी सामग्री सरपंच भागीरथ बाबूलाल राठौर द्वारा सहयोग दिया गया। इस दौरान गौरव दुग्गड, उपसरपंच बनवारी नायक, महेंद्र सिंह नायक, कपिल जाट, कमल कनसिया ,बलराम सरपंच, विक्रम करण, भीम सिंह, अंतरसिंह पूर्व सरपंच प्रकाश सुभाष मालवीय, सरपंच समिति अध्यक्ष सुधीर व ग्राम पंचायत के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह मातमोर द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

## दुग्ध समिति सियाखेडी में बोनस वितरण



**आष्टा।** दुग्ध सहकारी समिति सियाखेडी में वर्ष 2021-22 का बोनस वितरण के साथ मेधावी छात्र पुरूस्कार योजना अंतर्गत कक्षा 10 वीं व 12वीं में प्रथम छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान वर्ष में सबसे अधिक दुग्ध संकलन पर तीन प्रदायकों को प्रमाण पत्र एंव साफा श्रीफल देकर सम्मानित किया। बोनस राशि 82590 लाभांश 5060 कुल राशि 87650 रु दुग्ध प्रदायकों को वितरित किए मार्ग पर्यवेक्षक लोकेन्द्रसिंह ठाकुर द्वारा वार्षिक पत्रक व समिति की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी श्री के एस दुगारिया द्वारा संघ व शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। आयोजित हुए बोनस वितरण कार्यक्रम में पर्यवेक्षक सुनील वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्जुन सिंह मेवाड़, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र वर्मा समिति अध्यक्ष कमल सिंह बहादुर सिंह समिति सचिव महेश कुमार सहित समस्त संचालक व दुग्ध प्रदायक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शहर में भी मौसम परिवर्तन का दिखने लगा असर

# ठंड से वायरल फीवर के मरीज बढ़े, सर्दी खांसी और बुखार के आ रहे ज्यादा मरीज

अस्पताल की ओपीडी में भी रोजाना 500 से 600 मरीज आते हैं, इनमें 300 से ज्यादा मरीज सर्द हवा के कारण हो रही खांसी, सर्दी और बुखार से जूझ रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ठंडी हवा का असर लोगों के स्वास्थ्य पर होता दिख रहा है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ती सर्दी के कारण एक बार फिर सिविल अस्पताल में मरीज वायरल फीवर के साथ लौट रहे हैं। अस्पताल में रोजाना 50 से 60 प्रतिशत सर्दी-खांसी के साथ बुखार के मरीज आ रहे हैं। वहीं अस्पताल की ओपीडी में भी रोजाना 500 से 600 मरीज आते हैं, इनमें 300 से ज्यादा मरीज सर्द हवा के कारण हो रही खांसी, सर्दी और बुखार से जूझ रहे हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर चित्रा सोनी का कहना है कि इनमें करीब सौ बच्चे उपचार हेतु आ रहे हैं ,उनमें 80 के करीब सर्दी -खांसी से पीड़ित है। वायरल के लक्षणों के चलते नए म्यूटेशन को पकड़ना आसान नहीं एक तरफ जहां कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 आ गया है।

ऐसे में लोगों का वायरल फीवर से बचकर रहना जरूरी है, क्योंकि वायरल के लक्षणों के चलते नए म्यूटेशन को पकड़ना आसान नहीं होगा। डॉ जीडी सोनी का कहना है कि अब तक नगर में नए वैरिएंट का मरीज का एक भी सामने नहीं आया है, लेकिन सावधानी रखना जरूरी है, क्योंकि हमारे नगर में बाहर से काफी लोग आ रहे हैं और अब तक सुरक्षा के लिए स्क्रीनिंग या अन्य कोई व्यवस्था शुरू नहीं की गई है।कोरोना के नए वैरिएंट के लक्षण या ज्यादा समय बुखार तो जांच जरूरी। डॉ जीडी सोनी एवं डॉ भूपेंद्र परमार ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ एक बार फिर वायरल फीवर के मरीज बढ़ने लगे हैं। मरीजों को ठंड लगकर बुखार आ रहा है। साथ ही हाथ-पैर दर्द, गला खराब, खांसी जैसी परेशानी भी बढ़ गई है। ठंड में बच्चों और बुजुर्गों को खतरा ज्यादा रहता है, इसलिए उनका विशेष ध्यान रखना जरूरी है। मरीजों को अभी ठीक होने में एक सप्ताह से 10 दिन का समय लग रहा है। वायरल फीवर से खुद का बचाव जरूरी है, क्योंकि कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 संक्रमित मरीज अन्य प्रदेशों में सामने आए हैं। अगर किसी मरीज में लक्षण मिलते हैं या एक हफ्ते से ज्यादा बुखार रहेगा तो कोरोना से संबंधित जांचें करवाई जाएंगी।

# यातायात व्यवस्था सुधारने हटाना होगा अतिक्रमण

### वाहन चालकों को होती है परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रशासन पुलिस के सहयोग से नगर पालिका ने अतिक्रमण हटाओ मुहिम प्रारंभ की थी। यह मुहिम एक दिन चलकर बंद हो गई और जहां से अतिक्रमण हटाया गया था, वहां पर अतिक्रमण वापस हो गया है ।पार्वती नदी के पुल के आगे विश्राम गृह तक सड़क किनारे इतनी दुकाने और ठेले लग गए हैं कि किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा घटित होगा और स्थिति बिगड़ सकती है। अतिक्रमण हटाओ मुहिम को सतत जारी रखकर ऐसी व्यवस्था की जाए की पुन अतिक्रमण न हो तथा मार्ग बाधित न हो। गुरुवार की शाम को बस स्टैंड के बाहर नगर पालिका का अमला अतिक्रमण हटवाने के लिए काफी समय तक खड़ा रहा ,लेकिन जब अधिकारी गण नहीं आए तो धीरे-धीरे नगर पालिका के कर्मचारी अपने घर के लिए रवाना हो गए।

प्रमुख मार्गो एवं स्थानों पर सड़क किनारे लगी गुमटियों और हाथ ठेलों को अन्य स्थान पर लगवाना चाहिए ,ताकि यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहे। प्रशासन की बुधवार को कार्रवाई देखकर आमजन के मुंह से एक ही बात सुनाई दे रही थी ऐसी कार्रवाई व्यवस्थित रूप से चले तथा स्थाई समाधान हो। बता दें कि नगर में अतिक्रमण हटाने की मुहिम काफी समय के पश्चात एसडीएम आनंद सिंह राजावत एवं एसडीओपी आकाश मालाकार तथा सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता के सानिध्य में चलाई गई थी। नगर पालिका ने पुलिस विभाग के साथ मिलकर बस स्टैंड के फुटपाथ को खाली कराने का प्रयास किया था लेकिन जिस हिसाब से अधिकारी मुहिम चला रहे थे उस प्रकार से कार्य नहीं हुआ ।अधिकारियों के आगे बढ़ते ही वापस स्थिति वही निर्मित हो गई। नगर पालिका सहेज कर अपनी जगह को नहीं रख पा रही है ।

धीरे-धीरे लोगों ने वापस गुमठी और हाथ ठेला रखकर अतिक्रमण कर लिया है। सिविल अस्पताल के दोनों द्वारों पर अतिक्रमण की भरमार है,इतने ठेले सब्जी और फल फ्रूट के लग जाते हैं कि अस्पताल में जाने वाले मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।


यहां तक की एंबुलेंस भी सीधी अस्पताल के अंदर नहीं जा पाती है। उसे भी हाथ ठेले हटवाने के लिए कुछ मिनट के लिए अस्पताल के बाहर सड़क किनारे खड़ा होना पड़ता है। एसडीएम आनंद सिंह राजावत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना को शाम 4 बजे पश्चात अतिक्रमण हटाओ मुहिम प्रारंभ करने के निर्देश दिए थे तथा यह भी कहा था कि आप अपने बनाए गए दल को भेज कर कार्रवाई प्रारंभ कराएं ,अधिकारीगण भी मौके पर पहुंचेंगे ।लेकिन अभियान गुरुवार को प्रारंभ नहीं हो पाया। 2 घंटे तक कर्मचारी इंतजार करने के पश्चात वापस अपने घर के लिए चले गए।

# आधार जन्म प्रमाण-पत्र के तौर पर मान्य नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

दिसंबर माह से भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र में नई व्यवस्था की गई है।अब आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र के तौर पर नहीं होगा मान्य, जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र में आधार कार्ड में लिखी जन्म तिथि अब मान्य नहीं होगी। उसके साथ अब जन्म प्रमाण-पत्र पेश करना होगा। यह नई व्यवस्था एक दिसंबर से भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र ने शुरू की है। आधार में जन्म दिनांक में संशोधन कराकर तारीख, महीना, वर्ष बदलकर होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए ये कदम उठाए हैं। अब स्कूल, कॉलेज में एडमिशन हो या पासपोर्ट बनवाना सहित सभी जगह आधार सिर्फ पहचान के दस्तावेज के रूप में काम आएगा। जन्म दिनांक के सत्यापन के लिए डेट ऑफ बर्थ सर्टिफिकेट पेश करना होगा। 28 जनवरी 2009 को आधार प्रोजेक्ट लॉन्च हुआ था। उसके बाद से आधार कार्ड को विशिष्ट पहचान पत्र मानते हुए सभी सुविधाएं आधार कार्ड से जोड़ दी गई थी।जिसका आधार कार्ड ना हो, उसे सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सकता। लेकिन आधार कार्ड में नाम परिवर्तन, जन्म दिनांक, महीना, वर्ष बदलने की सुविधा के चलते लोग फर्जी आधार तिथियां संशोधन करवा रहे थे। लोग नया और पुराना आधार कार्ड दिखाकर फर्जीवाड़े को अंजाम दे रहे थे। इन सबको रोकने के लिए यह बदलाव किया गया है। आधार कार्ड को अब सिर्फ पहचान का दस्तावेज ही मानेंगे। इसलिए भारतीय विशिष्ट पहचान पत्र अब आधार कार्ड प्रिंट निकालते समय आधार पहचान का प्रमाण है, नागरिकता या जन्मतिथि का नहीं संदेश लिखा आ रहा है।

# शैक्षणिक भ्रमण पर भोपाल पहुंचा छात्र-छात्राओं का दल, मानव संग्राहलय में देखी देश की संस्कृति



**आष्टा।** ताजमहल, लालकिला, पैराडाइज गार्डन में घूमें छात्र–छात्राएं।



**आष्टा।** मानव संग्राहलय पहुंचकर प्रदेश और देश की संस्कृति के बारे में जाना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बागैर के छात्र-छात्राओं ने भोपाल में शैक्षणिक भ्रमण किया। सर्वप्रथम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय ले जाया गया, जहां छात्र छात्राओं ने हमारी संस्कृति को शुरु से अभी तक तथा विभिन्न प्रदेशों की संस्कृति को देखा। इसके बाद उन्हें आंचलिक विज्ञान केन्द्र ले जाया गया जहां उन्होंने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को देखा गया। इसके बाद उन्हें प्यूपिल मॉल भोपाल में सेवन वंडर्स जिसमें ताजमहल, लालकिला, पैराडाइज गार्डन, एफिल टॉवर, हवामहल, होटल ताज के दर्शन कराएं गए, छात्र छात्राओं ने बहुत ही अच्छी तरह से ज्ञान प्राप्त किया गया। इसके बाद उन्हें होटल रेडियंट चौपाल सागर सीहोर में भोजन कराया गया। संस्था के प्रभारी प्राचार्य अखलेश धारवा और शिक्षक अशोक परमार ने बताया कि हमारी संस्था से लगभग 50 छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु भोपाल ले जाया गया था, बच्चों ने बहुत ही अच्छी तरह से ज्ञान प्राप्त किया, साथ में संस्था से शिक्षक कृपाल सिंह वर्मा, शंकर लाल परमार, देवनारायण वर्मा, धरम सिंह परमार, महेंद्र सिंह परमार, महेन्द्र सिंह मालवीय, संजू वर्मा, प्रियंका चंद्रवंशी, रीना मलासिया, अखलेश धारवा, अशोक परमार आदि साथ में गए थे।

## निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने दिए निर्देश

**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में चल रहे सभी निर्माण एवं विकास कार्यों में तेजी लाते हुए समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य जितनी जल्दी पूर्ण होंगे। आमजन को उतनी ही जल्दी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा सकेगा। सभी अधिकारी निचले अमले को लक्ष्य देकर उसके अनुरूप कार्यों को पूर्ण कराए। उन्होंने कहा कि किए जा रहे सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# योजनाओं से सभी होंगे लाभान्वितः गोपाल इंजीनियर






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधानसभा क्षेत्र में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खाचरोद से प्रारंभ हुई संकल्प यात्रा में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का तुलादान ग्राम वासियों द्वारा किया गया संकल्प यात्रा ग्राम उदयपुरा , बापचा में संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा हुईं एवम् पात्र हितग्राहियों को सम्मानित किया गया इसी प्रकार ग्राम सिध्धिकगंज मेंविधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों एवम् भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार जन हितैषी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है। कोई जाति गत या पक्ष पात नही हो रहा है भारतीय जनता पार्टी हर उस व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में विश्वास रखती हैं जो सबसे नीचे तबके का हो ग्राम कोटिया नाला पहुची के यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पहुचकर ग्रामीण जनों को लाभान्वित किया जा गया। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवम् वर्तमान मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के सानिध्य मे आष्टा विधानसभा क्षेत्र को विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे और हम सभी संकल्पित होकर स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत बनायेगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकरी नेता गण ग्रामीण जन अधिकारी एवम कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नपाध्यक्ष ने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर कर्मचारियों को दिए साफ-सफाई के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छ भारत मिशन-2 अंतर्गत स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, तारा कटारिया की उपस्थिति में किया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सार्वजनिक शौचालय संचालक से चर्चा करते हुए कहा कि शौचालय में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें साथ ही शौच हेतु आने वाले नागरिकों से निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त राशि नही ली जाए, अन्यथा आपके द्वारा प्राप्त ठेका निरस्त कर अन्य एजेंसी को दे दिया जाएगा। शौचालय की साफ-सफाई व धुलाई कार्य प्रतिदिन हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मेवाड़ा ने नपा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर शहर के सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई का औचक निरीक्षण करें। साथ ही उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे कूड़े को इधर उधर न फेंके। नगरपालिका की गाड़ी प्रतिदिन सुबह घर के आगे से निकलती है कूड़ा कचरा उसी गाड़ी में डालें। ताकि शहर साफ सुथरा रह सके। श्री मेवाड़ा ने कहा कि कूड़ा कचरा इधर-उधर डालने से शहर में गंदगी तो फैलती ही है साथ में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने का भी डर रहता है। सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग नगर के नागरिकों से ज्यादा बाहर के यात्रीगण करते है, ऐसे बाहरी लोगों को शौचालय की साफ-सफाई से ही नगर की सुंदरता व सफाई व्यवस्था की कुशलता का अंदाजा लगेगा। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, स्थापना प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री आदित्य तलनीकर, सीएमएम महेन्द्र पोसवाल, सीओ पार्वती शर्मा, सुशील पांचाल, रविन्द्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

### गिरीश मुनि महाराज ने जैन मंदिर में श्रद्धालुओं को दिए आशीर्वचन

# संयोग वाले अच्छे लगते हैं, वियोग वाले नहीं: हेमंत मुनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जहां पर अहम अर्थात में आ जाता है वहां कुछ ना कुछ होता ही रहता है ।संयोग वाले अच्छे लगते हैं और वियोग वाले नहीं ।मां की आंखों में कभी भी आंसू नहीं आने देना चाहिए। माता-पिता का कर्ज अर्थात उपकार कभी भूलना नहीं चाहिए। धर्म - आराधना करने पर पुण्य अर्जन होता है तथा कर्मों का क्षय होता है।माता-पिता से बढ़कर गुरु है।

माता-पिता ने जीवन दिया और गुरु ने सही मार्ग दिया। धर्म आराधना को सर्वोपरि मानना चाहिए। उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित हेमंत मुनि एवं गिरीश मुनि ने आशीष वचन देते हुए कहीं। गिरीश मुनि जी ने कहा मां की आंखों में आंसू देखकर चिंता होना चाहिए या फिर उनकी आंखों में आंसू लाना चाहिए।मां की आंखों में कभी भी आंसू मत आने देना। श्रीकृष्ण का आपने उदाहरण दिया। किसान को फसल के साथ भूसा स्वतः ही मिलता है। हमें धर्म- आराधना करने पर पुण्य अर्जन होता है। संसारी लाभ नहीं ,आत्म शुद्धि कर मोक्ष मार्ग प्राप्त करने का रखें। गिरीश मुनि ने कहा सुपात्र को दान देने पर बहुत पुण्य अर्जन होता है।निस्भाव से दान पुण्य करना चाहिए। पुण्य के भोग के समय पाप कर्म बंधते हैं। जन्म के साथ जीवन जीने की कला सिखाई। गुरु ही सही मार्ग दिखाते हैं। गुरु की शरण में जो आते हैं, उन्हें मंजिल दिखाकर वे अपने से बड़ा बनाते हैं। गिरीश मुनि ने कहा मोक्ष में जाने के लिए सद्गुरु आवश्यक है। जन्म को सफल बनाने और सही दिशा निर्देश देने वाले गुरु है। सदगुरू अमृत पिला कर सही मार्ग पर चलाते हैं।गुरु का महत्व कितना समझा, माता-पिता का बहुत उपकार है।जो जीव धर्म आराधना करते हुए आत्म कल्याण करते हैं वह अवश्य किसी के उपकारी नहीं रहते हैं। मन पुदगल है,जैसा सामने वाले से जैसा व्यवहार चाहते हैं, वैसा आप भी व्यवहार करें। कर्मों की बेड़ी से मुक्त होना है। गिरीश मुनि जी ने आगे कहा कि जीवन है पानी की बूंद कब मिट जाए। सम्यकदृष्टि अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए काम करता है। राग-द्वेष पतन के मार्ग पर ले जाते हैं।मोह, स्नेह व्यक्ति को त्याग के मार्ग पर जाने से रोकता है। राजा को देखकर मुनि राज मुस्कराएं, मुस्कुराहट का कारण पूछा तो उन्होंने नहीं बताया, लेकिन राजा के बार- बार पूछने पर उन्होंने कहा कि सातवें दिन आपकी मृत्यु हो जाएगी। मर कर कहा जाऊंगा तो मुनिश्री ने बताया कि आपकी रानी के मल में रंग-बिरंगे कीड़ा बनोगे।यह दुर्गति होगी।ठाठ बाट से रहने वाले राजा को चिंता सताई। अपने मंत्री से कहा मुझे सातवें दिन मरने के बाद मल-मूत्र में कीड़ा बनूं, उससे मुक्ति दिलाने को कहा। लेकिन वह कीड़ा पकड़ में नहीं आया।राजा की आज्ञा का पालन नहीं हुआ।

व्यक्ति के शरीर से मोह है या आत्मा से।शरीर से मोह होने पर व्यक्ति को मरने पर जलाते क्यों है। अपने घर पर शोक होने पर धर्म आराधना करने आने वाले को प्रोत्साहित करें, हतोत्साहित नहीं।एक शरीर से दूसरे शरीर में आत्मा पलभर में पहुंच जाती है। धर्म ध्यान करते रहे। संबंधों में बहुत राग है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें सम्यकदृष्टि बनकर। माता -पिता का मन, वचन और काया से सेवा करें। उनके साथ अच्छा व्यवहार करें, सेवा करें और माता पिता का उपकार मानें।

# विंटर कार्निवल का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



संस्था मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल आष्टा में विन्टर कार्निवल कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। सर्वप्रथम मॉ सरस्वती का पूजन व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

स्कूल में आयोजित हुए कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों में विभिन्न प्रकार कि खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें फ्रूट-गेम, चम्मच रेस, बास्केट बाल, 100-100 रिले रेस, पोल रेस, चेस रेस, हॉकी, हुक और रिंग, आदि खेल प्रतियोगिताए करवाई गई। कार्यक्रम के अतं में सभी प्रतियोगि छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये गये साथ ही सभी बच्चो को मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक मंडल व शाला परिवार के मार्ग दर्षक कुंवर लाल परमार, शंकर लाल परमार, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बी.एल. मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, अंजलि चौरसिया, करिश्मा चौपड़ा, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार, मौसमी बक्सी, स्वेतान्षु ठाकुर, इशा जैन, इतिका चौहान आदि शिक्षक शिक्षिकाओ ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोरोना महामारी के संभावित खतरे के बीच स्वास्थ्य विभाग ने दी जरूरी सलाह

# प्रदेश में फिर फैल रहा कोरोना इसलिए रहें सतर्क, बरतें सावधानी

### सार्वजनिक स्थानों की भीड़ से बचें और अपना मुहं, नाक अच्छे से ढकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश में कोरोना वायरस के फिर से बढ़ते खतरे के बीच स्वास्थ्य महकमा एलर्ट मोड पर है। इस वायरस से बचाव के लिए आपको स्वयं सतर्क रहना होगा। खुद को बचाने के लिए सार्वजनिक स्थानों से दूरी बनाएं और अपना नाक मुहं, ढंक कर रखें।

उक्त बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया ने कही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य अमला किसी भी महामारी से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कोराना वायरस किसी भी व्यक्ति के खांसने या छींकने पर उत्पन्न हुई श्वासन बूंदों के माध्यम से या संक्रमित व्यक्ति के करीब संपर्क में आने से सबसे अधिक फैलता है। इसीलिए जब वायरस हमारे सामाजिक दायरे में फैल रहा हो तो सामाजिक दूरी बनाना ही उसके बचाव का प्रमुख उपाय है।

उन्होंने कहा कि घर से बाहर जाते समय मुहं पर मास्क लगाकर जाएं और वापस घर आने पर अपने हाथों को अच्छे से धोएं। साथ ही अपने साथ सेनिटाइजर अवश्य रखें क्योंकि कभी-कभी हाथ धोने के लिए यदि पानी उपलब्ध न हो तो उसका उपयोग कर सकते हैं। बिना हाथ धोए अपने नाक, मुहं और आंखों को छूने से बचे। इन बातों को ध्यान में रखकर हम काफी हद तक कोरोना के संक्रमण से अपने को बचा सकते हैं।



### जाने वायरस से लड़ने कितने तैयार हैं हम

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए जिला स्तर पर 10 आईसीयू बेड तैयार हैं। इसके अतिरिक्त 2 आईसोलेशन वार्ड बनाएं जा रहे हैं। सीएचसी स्तर पर भी 1-1 वार्ड आरक्षित किया जा रहा है। जिले में जहां पर भी आक्सीजन प्लांट लगे हैं उनका ट्रायल रन करा दिया गया है। समस्त स्टॉफ को मुख्यालय पर निवास करने और आगामी एक माह तक कोई भी अवकाश न देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी ओपीडी में सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों के सेंम्पल लेने और उनकी मुख्यालय पर ही जांच के लिए अमले को निर्देशित किया है और संदिग्ध होने पर सेम्पल को भोपाल जांच के लिए भेजने की व्यवस्था भी की जा रही है।

### केरल से आया है जेएन-1 वायरस

कोरोना महामारी का नया वेरीयेंट जेएन-1 का पहला मरीज केरल में मिला था। इसके बाद इंदौर, भोपाल और जबलपुर में कोरोना के मरीज मिल चुके हैं हालांकि, उनमें यह जेएन-1 वायरस संक्रमित हैं या नहीं। इसकी जांच एम्स भोपाल में हो रही है।

## गंदगी और पानी की समस्या से जूझते हैं मैरिज

# आए दिन डॉक्टरों की लापरवाही से मरीज होते हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मेहताब सिविल हॉस्पिटल में डॉक्टर के अस्पताल में आने का समय 9.30 का है लेकिन ड्यूटी के टाइम से बहुत देरी पर डॉक्टर पहुंचते हैं जिस कारण अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों को लंबी-लंबी लाइनों में लगकर उनका इंतजार करना पड़ता है। ठंड के मौसम में डॉक्टरों की लेट लतीफ के कारण घंटों लाइन में खड़े होकर मैरिज उनका इंतजार करते रहते हैं। नहीं तो इन डॉक्टरों के जून रिंग रही है और ना ही उनके आला अधिकारी को कोई फर्क पड़ता है। अस्पताल के बाद इंतेजामत के कारण यह हॉस्पिटल सुर्खियों में बना रहता है। खबरों के माध्यम से सिविल हॉस्पिटल नरसिंहगढ़ की लापरवाही उजागर हो चुकी है, उसके बावजूद भी अस्पताल की हालत बस से बस्तर नजर आती है चारों ओर गंदगी और अवस्थित वातावरण में मरीज इलाज करने को मजबूर है।



### वरिष्ठ अधिकारी नहीं देते हैं ध्यान

डॉक्टरों की लापरवाही और स्टाफ की मनमानी पर वरिष्ठ अधिकारी ध्यान नहीं देते। इसी का नतीजा है कि सभी ने अपनी मनमानी करना चालू कर दी। रविवार को 10:30 बजे एक वीडियो वायरल हुआ उसमें महिला डॉक्टर उपस्थित नही थी मरीज लगा रहे आरोप कि हम काफी देर से परेशान हो रहे हैं परंतु महिला डॉक्टर एक भी उपस्थित।

## नपा ने नहीं सुनी तो कॉलोनीवासियों ने ही बना दी सीमेंट की पुलिया

**राजगढ़।** शहर की भवर कॉलोनी में खुले पड़े हुए नालों को कवर करने के लिए जब नगर पालिका ध्यान नहीं दे पाई तो कॉलोनी वासियों ने ही आपस में पैसे इकट्ठा कर गंदे बहते नाले के उपर पुलिया का निर्माण करवा दिया। कॉलोनी वासियों का कहना है कि गंदगी के कारण यहां रहना मुष्किल हो रहा था एवं गंदगी के कारण मच्छर और मक्खि के साथ अन्य तरह के संक्रमण का भी डर बना हुआ था जिस पर नगरपालिका ध्यान देने को तैयार ही नहीं थी। कई बार कहने के बाद भी गंदा नाला खुला पडा हुआ था जिस पर मांगीलाल गुर्जर सरपंच, मनीष सोनी, मनोहर दांगी, हीरालाल मेवाड़े, अंकित सोनी, सूरज दांगी फौजी एवं सुरेन्द्र बना ने आपसी सहयोग कर निर्माण कराया।



## वाहन संचालकों एवं चालकों की बैठक की आयोजित, दिए निर्देश

# तेज गति, बिना कागज व शराब पीकर वाहन चलाए तो खैर नहीं : टीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

रविवार को खुजनेर थाने पर टीआई राधिका भगत के नेतृत्व में वाहन संचालकों एवं वाहन चालकों कि एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें पिकअप वाहन, मैजिक, ऑटो, बस ड्राइवर, क्लीनर आदि उपस्थित रहे। बैठक में टीआई भगत ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाने, अधिक आवाज में लाउडस्पीकर बजाने, बीना कागजात के वाहन चालने, शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर सख्त के साथ कार्रवाई की जायेगी इस लिए आप सभी को समझाइए के लिए बुलाया गया है। ये विशेष सावधानी रखें कि वाहन को तेज गति एवं शराब पी कर न चलाएं, वाहन के समस्त कागज सही एवं वाहन चलते समय अधिक आवाज में गाडी में स्पीकर न बजाये ओर वाहन चलते समय सावधानी रखें आदि को लेकर टीआई राधिका भगत ने वाहन संचालकों एवं वाहन चालकों को बैठक के दौरान समझाइए दी गई। न मनाने पर उचित कार्रवाई कि बात कही।



## नरसिंहगढ़ ग्रामीण खंड कोटरा में अक्षत कलश पूजन व वितरण कार्यक्रम संपन्न

# हाथ पसार जय श्रीराम की जय घोष कर की अक्षत कलश धारण राम भक्तों की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से विराजमान उत्सव के निमित्त निमंत्रण हेतु खंड केंद्र कोटरा पर आए अक्षत कलश का पूजन ग्राम कोटरा के राम मंदिर पर अर्चक पुरोहित तथा रामभक्तों तथा माता बहनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर अभियान के प्रभारी उदय मीणा मुख्य वक्ता रहे मुख्य वक्ता द्वारा राममंदिर के इतिहास एवं संघर्ष तथा सफलता के विषयों पर प्रकाश डाला गया। साथी समाज से 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के जन्म भूमि पर मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा के समय अपने गांव के प्रत्येक मंदिर को अयोध्या समझे अपने गांव के प्रत्येक मंदिर को राम का मंदिर समझे और एक राम माय वातावरण प्रत्येक मोहल्ले प्रत्येक ग्राम में रहे माता बहने अपने घरों पर संध्याकाल दीप उत्सव मनाए रंगोलिया बनाएं पूजन कार्यक्रम के बाद 12 ग्राम समिति तक अक्षत कलश वितरित किये गए। तत्पश्चा पूरे गांव में शोभा यात्रा ढोल नगाड़े जय श्री राम जय घोष के साथ निकाल कर सभी 12 ग्राम समिति के राम भक्तों को अपने हाथों पर धारण कर कर ग्रामीणों ने विदाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के खंड करवा कमलेश तिवारी रहे। कार्यक्रम का संचालन खंड प्रभारी हेमंत सेन ने किया। कार्यक्रम में खंड अध्यक्ष रिंकू बना खंड सह प्रभारी बलराम कुशवाह सहित सभी ग्राम समिति के राम भक्त रहे एवं ग्राम समितियो के प्रमुख पटेल सरपंच एवं माता बहने उपस्थित रहे।



## 3 दिवस के अंदर गार्डन का पंजीयन करें

# मैरिज गार्डन संचालकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

नगर में अवैध रूप से चल रहे मैरिज गार्डनों पर विगत दिनों हरिभूमि समाचार पत्र में खबर लगी थी नियमों को ताक में रख हो रहे , नगर में मैरिज गार्डन संचालित खबर को गंभीरता से लेते हुये नगर परिषद सी. एम. ओ. अशोक पांचाल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए संचालित अवैध 7 मैरिज गार्डनो के संचालकों को 3 दिवस के अंदर मेरिज गार्डन का पंजीयन और स्वत्व दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है, नियत समय में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस सूची में नीरज मैरिज गार्डन, बालाजी मैरिज गार्डन, श्रीनाथ रिजॉर्ट मैरिज गार्डन, शुभम मैरिज गार्डन, उदय पैलेस मैरिज गार्डन, गोपी कंपलेक्स मैरिज गार्डन, दस्तूर मैरिज गार्डन शामिल है।


हरिभूमि
...ाल - गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि
16 Dec 2023

शादी-समारोह में तेज बजते डीजे, होती आतिशबाजी व खड़े रहते अव्यवस्थित वाहन

नियमों को ताक में रख हो रहे नगर में मैरिज गार्डन संचालित

मैरिज गार्डन व्यवसाय के क्या है नियम

मैरिज गार्डन में तेज साउंड लोगों के लिए प्राण घातक

मैरिज गार्डन से निकली अपशिष्ट सामग्री पशुओं के लिए घातक

मुझे जानकारी नहीं

जांच कर कार्रवाई करेंगे

# एक लय में एक साथ किया गया प्रोग्रेसिव विद्यालय में गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

23 दिसंबर को जहां पूरे विश्व में गीता जयंती पर सुबह 11 बजे एक लय में एक साथ गीता का पाठ किया गया। वहीं प्रोग्रेसिव हाइट्स विद्यालय परिसर में शनिवार को गीता जयंती मनाई गई। जहां पर सभी छात्र व छात्राओं और अध्यापक गणों द्वारा एक साथ गीता के तीन श्लोक का उच्चारण व समूह पाठ कर शांति का संदेश दिया गया।

गीता जयंती के महत्व और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए विद्यालय की अध्यापिका प्रेमलता शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इस तिथि को कुरुक्षेत्र की युद्ध भूमि में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को धर्म और कर्म को समझाते हुए उपदेश दिया था जिसे गीता के नाम से जाना जाता है वही शिक्षिका हर्षिता काव्या व हनिशा काव्या ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने जो उपदेश दिए है वही आज गीता जी में हमको मिलते है भगवान श्री कृष्ण जी के उपदेश को हम अपने जीवन में आत्मसात कर आगे बढ़े, क्योंकि गीता जीवन दर्शन है आज के समाज में तनाव मुक्त रहने हेतु गीता एक औषधि के समान है उसी के साथ विद्यालय में गीता जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई जहां कुरुक्षेत्र के विभिन्न दृश्यों को दिखाया गया। वहीं ओम भगवतो वासुदेवाय के मंत्रों से सारा वातावरण आनंदमय हो गया।



# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव संपन्न



**कुरावर।** नगर में शनिवार शाम को 7 बजे के करीब सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल विद्यालय में हर वर्ष की तरह इस वर्ष में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में कक्षा 1 से लेकर 10 तक के भैया बहनों ने मनमोहन सुंदर प्रस्तुतियां दी। नृत्य, नाटक, प्रेरणादायक विचारों से ओतप्रोत सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुति देखकर अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि शहीद देश में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में आचार्य व दीदीयों के द्वारा भैया बहनों को शिक्षा ग्रहण करवा कर संस्कारवान एवं चरित्रवान मनाया जाता है यहां से निकलने वाले विद्यार्थी का नेतृत्व करते हैं।

# ब्यावरा पब्लिक स्कूल में हुआ दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल में कक्षा 4से 8 तक के छात्र-छात्राओं को विज्ञान एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु दो दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विज्ञान मेले के प्रथम दिवस पर्यावरण एवं विज्ञान आधारित चित्रकला, क्विज एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। तथा दूसरे दिन संस्था के छात्र - छात्राओं द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई , साथ ही वर्तमान समय में युवाओं पर बढ़ते मोबाइल के दुष्प्रभावों को दर्शाते एक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया । वाद - विवाद में छात्र जीवन ने मोबाइल के उपयोग और अनुपयोग विषय पर पक्ष और विपक्ष के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए गए।




चित्रकला प्रतियोगिता की थीम पर्यावरण बचाओ थी। जिस पर छात्रों द्वारा बेहतरीन पोस्टर बनाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर की समाज सेवी व अग्रवाल सखी क्लब की सदस्य श्रीमति आरती मंगल रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में छात्रों को "क्या , क्यों और कैसे" के माध्यम से विज्ञान और जानकारियों के प्रति जागरूक होने की सीख दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य अनुराधा कसेरा द्वारा छात्रों को मोबाइल एवं टेक्नोलॉजी का उचित उपयोग करने और अति से बचने का ज्ञान दिया गया । इस दो दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर समस्त विजेताओं और प्रतियोगियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार एवं माँ सर्व विद्या शिक्षा एवं कल्याण समिति द्वारा पुरुस्कृत किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में दिशा शिवहरे, शौर्य सिकरवार प्रोजेक्ट में लोकेन्द्र राजपूत , जियांशी दाँगी , सिमरन राठौर क्विज प्रतियोगिता में दिशा यादव , अक्षत पंवार , चंद्रेश यादव और नुक्कड़ नाटक में माधवी चन्द्रवँशी, शिवम यादव, तनु कारपेंटर, कार्तिक सोलंकी आदि ने मैडल प्राप्त किए। कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ शिखा शिवहरे, निधि मित्तल, प्रिया गुप्ता, रीना प्रजापति , बी एस लववंशी, चंचल शिवहरे, रीना वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

## शासन की योजनाओं से वंचित लोगों के लिए आवेदन, समस्याओं का किया निराकरण

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची ब्यावरा, माण्डु व बिलोदा पाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को विधानसभा के ग्राम पंचायत ब्यावरा मांडू ग्राम पंचायत आमगढा के ग्राम विलोदा पाल पहुंचकर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण को शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने की बात कही साथ ही जो लोग योजनाओं से वंचित है उन लोगों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आवेदन लेकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिला महामंत्री नीलम सक्सेना ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों की चिंता कर योजनाओं से वंचित लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना है। कार्यक्रम को यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन रघुराजसिह सोलंकी ने किया तथा आभार सरपंच दिनेश पाल ने माना। इस दौरान राधेश्याम महेश्वरी आशुतोष वेद दिनेश शर्मा राहुल पुष्पद मनोज शर्मा अनिल बारकिया सहित जनपद पंचायत स्वास्थ्य विभाग कृषि विभाग महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।




# 108 घरों में यज्ञ के साथ दिलाया व्यसन मुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज-हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ, ब्यावरा द्वारा नगर में एक साथ एक ही समय पर 108 घरों में गायत्री यज्ञ सम्पन्न कराया गया। जिसका उद्देश्य व्यसन मुक्त भारत, वातावरण एवं प्रकृति का शोधन व घर परिवार में सुख-शांति, समृद्धि व भावी पीढ़ी संस्कारवान बनें। यज्ञ समन्न कराने हेतु राजगढ़, शाजापुर, सिहोर जिले से सैकड़ों की संख्या मे यज्ञाचार्य पधारें। जिन्होने घर-घर जाकर परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को पहुंचाया।

यज्ञ की पूर्णाहुति मे यजमानों ने व्यसन छोड़ने का संकल्प लिया। यज्ञ के पश्चात व्यसन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नगर में रैली निकाली जो मुख्य मार्गों से होते हुए वापस शक्तिपीठ पहुंची। सहभोज के पश्चात यज्ञाचार्यो की विदाई के साथ आयोजन का समापन हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार के हवलदार सिंह, किशोर जानोरिया, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, चन्द्रहास शर्मा, डॉ. ओपी सोनी, परिव्राजक बादामी लाल, राजेन्द्र शर्मा, भारत सिंह कारपेंटर, हितेन्द्र नामदेव, श्रीकृष्ण बंसल जितेन्द्र पंवार, सार्थक शर्मा, भवानी शंकर भट्ट, कैलाश गौड़, संदीप मेवाडे, किशन मेवाड़े, श्रीराम शर्मा, मयंक पुष्पद एवं गायत्री परिजन भाई-बहन उपस्थित रहे।

